दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### धरमजयगढ़ के कुड़ेकेला में जन समस्या निवारण शिविर 8 को

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रायगढ़ जिले में ग्रामीणजनों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में 8 नवम्बर को विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम-कुडेकेला में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा। साथ ही इसी माह में 29 नवम्बर को घरघोड़ा के कया में शिविर का आयोजन होगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अब 31 दिसंबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से अब 31 दिसंबर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। छात्रवृत्ति हेतु पात्र विद्यार्थी वेबसाईट पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित संस्था, जिला कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में छात्रवृत्ति के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 थी, जिसे बढ़ोतरी किया गया है।

### कोयले से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, केबिन में फंसा चालक हुआ जख्मी

**कोरबा (आरएनएस)।** उरगा थाना क्षेत्र में एक कोयले से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस भीषण हादसे में ट्रेलर चालक केबिन में बुरी तरह फंसा रहा। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेलर चालक को वाहन से बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।जानकारी के मुताबिक यह हादसा उरगा थाना अंतर्गत ग्राम कोटमेर के पास हुआ है। हादसे के बाद लोगों में हडक़ंप मच गया। वहीं घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उरगा पुलिस मौके पर पहुंची और केबिन में फंसे घायल चालक को किसी तरह बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले में आगे की जांच कार्यवाही कर रही है।

### बलौदाबाजार कांड : जांच आयोग का कार्यकाल 4 माह बढ़ा

**रायपुर (आरएनएस)।** बलौदाबाजार मामले की जांच के लिए गठित सेवानिवृत्त न्यायाधीश वाजपेयी की अध्यक्षता वाली जांच आयोग का कार्यकाल सरकार ने बढ़ा दिया है। आयोग का कार्यकाल बढ़ाये जाने की अधिसूचना जारी दी गई है। अधिसूचना के अनुसार आयोग का कार्यकाल 12 अक्टूबर को खत्म हो चुका है, लेकिन जांच आयोग का काम अभी पूरा नहीं हुआ, इसलिए आयोग के कार्यकाल में चार महीने की वृद्धि की गई है। अब यह आयोग 12 फरवरी 2025 तक काम करेगा। ज्ञात हो कि इसी साल मई में बलौदाबाजार के धार्मिक स्थल अमरगुफा में जैतखाम को क्षतिग्रस्त करने की घटना सामने आई थी। इसी मामले को लेकर जून में उग्र भीड़ ने बलौदाबाजार कलेक्टरोरेट में तोडफ़ोड़ और आगजनी कर दी थी। इस मामले की जांच के लिए सरकार ने यह आयोग गठित किया है।

### धान में सुखत की खरीदी नहीं करने पर छग सहकारी समिति के कर्मी 14 से हड़ताल पर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र साहू ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रदेश में कार्यरत 2058 सहकारी समितियों के 2749 धान खरीदी केन्द्रों में धान में सुखत की खरीदी नहीं होने पर अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के पैसे काट कर क्षतिपूर्ति की जाती है, जो अनुचित है। उन्हेंने बताया कि गत वर्ष 144 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी कर्मचारियों के माध्यम से सरकार द्वारा की गई। प्राकृ तिक आपदाओं से ग्रस्त धान एवं सुखत धान निकलने पर कर्मचारियों के वेतन से पैसा काटकर वसूली की गई। समिति की मांग है कि धान में सुखत खरीदी का प्रावधान किया जाए, मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर समस्त 2058 समितियों को 3-3 लाख रूपए अनुदान दिया जाए ताकि समय पर कर्मियों को वेतन मिल सके, सेवा नियम 2018 के तहत संशोधन प्रस्ताव पंजीयक के पास लंबे समय से लंबित है उसे तत्काल लागू किया जाए। किसान धान खरीदी के लिए तैयार है, जबकि सरकार की धान नीति 28 फरवरी तक धान उपार्जन केन्द्र से खरीदी की है, जिसे बढ़ाकर 31 मार्च तक किया गया है, लेकिन कर्मचारियों को अनुमान है कि 2024-25 में धान की खरीदी बरसात के बाद हो पाएगी। उक्त मांगों को पूर्ण नहीं किया गया तो समस्त कर्मचारी 14 नवंबर से हड़ताल पर जाएंगे।

## शाकम्बरी स्टील प्लांट और कोलवाशरी के कन्वेयर बेल्ट का संचालन प्रतिबंधित

### निरीक्षण में श्रमिकों के सुरक्षा को लेकर मिली थी कई खामियां

❑ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने श्रमिकों की सुरक्षा की अनदेखी पर सख्त कार्यवाही के दिए हैं निर्देश





**रायगढ़**

रायगढ़ के संबलपुरी में संचालित मेसर्स मां शाकाम्बरी स्टील लिमिटेड के स्पंज आयरन प्लांट तथा कोलवासरी में स्थापित विभिन्न बेल्ट कन्वेयर के संचालन को सुरक्षा संबंधी खामियां मिलने पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने प्लांट का निरीक्षण करने के पश्चात श्रमिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रतिषेध आदेश जारी किया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने उद्योगों में कार्य करने वाले श्रमिकों के सुरक्षा के लिए वहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हुए हैं। सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने या इसकी अनदेखी पर उद्योग प्रबंधन के विरुद्ध कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

मनीष श्रीवास्तव, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा एवं उप मुख्य कारखाना निरीक्षक ने बताया कि बीते 04 नवंबर को मेसर्स मां शाकम्बरी स्टील लिमिटेड, ग्राम-सम्बलपुरी, हमीरपुर रोड, जिला-रायगढ़ का रैण्डम पद्धति के तहत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारखाने के स्पंज आयरन प्लांट के आयरन ओर सर्किट में स्थापित बेल्ट कन्वेयर क्रमांक बीसी-5, कोल क्रशर से जंक्शन हाउस को जाने वाली बेल्ट कन्वेयर क्रमांक बीसी-2, कोल सर्किट में स्थापित बेल्ट क्रमांक बीसी-1, प्रोडक्ट बेल्ट क्रमांक बीसी-13, बीसी-12, बीसी-12 तथा कोलवासरी में स्थापित बेल्ट कन्वेयर क्रमांक बीसी-1, बीसी-2, बीसी 3, बीसी-4, बीसी-7, बीसी-8, बीसी-9 की टेलपुली को सुरक्षा आवरण से सुरक्षित किये बगैर चलाया जाता पाया गया। बेल्ट कन्वेयर को आपात स्थिति में रोकने के लिये बेल्ट कन्वेयर की पूरी लंबाई में दोनों तरफ पुलकॉड लगा नहीं पाया गया। उक्त स्थिति में इन बेल्ट कन्वेयर के समीप कार्यरत श्रमिकों की कार्य के दौरान टेलपुली की चपेट में आकर गंभीर दुर्घटना घटित होना संभावित है।

उक्त कारखाने के निरीक्षण करने के पश्चात वहां मौजूद खतरनाक कार्यदशाओं को दृष्टिगत रखते हुए छ.ग.शासन रायगढ़ कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 40 (2) के तहत कारखाने में स्थापित स्पंज आयरन प्लांट तथा कोलवासरी में स्थापित विभिन्न बेल्ट कन्वेयर के संचालन को प्रबंधित कर दिया गया है। यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा जब तक कि स्पंज आयरन प्लांट तथा कोलवासरी में स्थापित समस्त बेल्ट कन्वेयर की टेलपुली व हेडपुली को पर्याप्त सुरक्षा आवरण से सुरक्षित नहीं कर लिया जाता है, बेल्ट कन्वेयर की पूरी लंबाई में दोनों तरफ पुलकाड लगा होना सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता है। इस बाबत् कारखाना निरीक्षक के समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर दी जाती है।

## 8 नवम्बर को धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा में बच्चों की होगी नि:शुल्क हृदय जांच

❑ सत्य सॉई अस्पताल रायपुर से पहुंच रहे है विशेषज्ञ चिकित्सक

**रायगढ़**

सत्य सॉई अस्पताल, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक 8 नवम्बर को सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा पहुंचेंगे। जहां हृदय रोग से संबंधित बच्चों का स्क्रीनिंग करेंगे। हृदयरोग से पीड़ित पाए जाने पर बच्चों का नि:शुल्क ऑपरेशन सत्य सॉई अस्पताल, रायपुर में किया जाएगा।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में एसईसीएल द्वारा संचालित 'धड़कन' कार्यक्रम अंतर्गत 0-19 वर्ष तक के ऐसे चिन्हांकित बच्चे जिन्हें हृदय रोग के लक्षण है उनका सत्य सॉई अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्क्रीनिंग व इको की नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। कन्फर्मेशन पश्चात सत्य सॉई अस्पताल में बच्चों का नि:शुल्क इलाज/ऑपरेशन किया जायेगा। डॉ.योगेश साथे (एच.ओ.डी) पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी व डॉ.निखिल शुक्ला बच्चों के लिये स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करेंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चद्रवंशी ने बताया कि सर्वप्रथम 8 नवम्बर 2024 को सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्क्रीनिंग अर्थात पूर्व परीक्षण किया जाएगा। जिसमें तेज धड़कन, वजन ना बढऩा, शरीर का नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ, स्तनपान करने पर पसीना आना जन्मजात हृदय रोग हो सकते है। उपरोक्त लक्षण वाले बच्चों के परिजन अपने नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों से संपर्क कर उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में अवश्य लाए। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण पश्चात दिनांक 09 नवम्बर 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा में इको मशीन द्वारा कंर्फमेट्री परीक्षण किया जाएगा। जिसके पश्चात यदि बच्चे हृदयरोग से पीड़ित पाए जाने पर नि:शुल्क ऑपरेशन सत्य सॉई अस्पताल में किया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय व तृतीय चरणों में प्रत्येक विकासखंडों के सामु.स्वा. केंद्रो में पूर्व परीक्षण व इको जांच किया जाएगा।

## छेड़खानी के आरोपी को कोतरारोड़ पुलिस ने चंद घंटों में दबोचा, कोर्ट पेश कर भेजा जेल

**रायगढ़**



कोतरारोड़ पुलिस ने महिला से छेड़खानी के आरोपी नंदु उर्फ लक्ष्मी बघेल (30 वर्ष) को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया। पीड़िता द्वारा आज दोपहर थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दी गई थी, जिसमें बताया गया कि आरोपी नंदु पिछले एक वर्ष से पीड़िता के साथ छेड़खानी और अश्लील हरकतें कर रहा था।

महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी नंदु बघेल आए दिन उसे अश्लील टिप्पणियों से परेशान करता था और किसी न किसी बहाने उसके घर आकर उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करता था। 04 नवंबर को आरोपी मोबाइल रिचार्ज के रूपए देने का बहाना बनाकर पीड़िता के घर के अंदर घुस गया और अशोभनीय हरकतें कीं। इसके बाद, 05 नवंबर को भी वह दोबारा पीड़िता के घर में घुसा और अकेला पाकर अश्लील हरकतें करने लगा। महिला के शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया।

घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने पति और गांव के कोटवार को दी, जिसके बाद परिवार की सलाह पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई। थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए महिला के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की। अपराध क्रमांक 389/2024 के तहत धारा 74, 331(3) बी.एन.एस. में मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को तुरंत रवाना किया गया।

थाने की टीम ने आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर कुछ ही घंटों के भीतर कोतरारोड़ थाने लाकर रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश सूर्यवंशी और आरक्षक चंद्रेश पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## श्रीराम लला दर्शन के लिए रायगढ़ से श्रद्धालुओं का छठा जत्था रवाना : 107 यात्री करेंगे अयोध्या धाम के साथ काशी विश्वनाथ के दर्शन

**रायगढ़**



श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रायगढ़ जिले से श्रद्धालुओं का छठा जत्था आज सुबह 6.30 बजे रवाना हुआ। श्रद्धालु बस से बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां से वे स्पेशल आस्था ट्रेन से आगे के सफर के रवाना हुए।

इस जत्थे में जिले से कुल 107 यात्री शामिल हो रहे हैं। इनमें 79 ग्रामीण क्षेत्रों से हैं और 28 शहरी क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल हैं। श्रद्धालुओं का दल 09 नवंबर को वापस लौटेगा। चार दिवसीय यात्रा के दौरान यात्री अयोध्या धाम के साथ वाराणसी में काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करेंगे। यात्रियों के सहयोग के लिए जिला प्रशासन की ओर से 3 सहायकों का दल भी साथ जा रहा है। जिसमें एक चिकित्सा सहयोगी भी शामिल है। राम लला दर्शन योजना की शुरुआत मार्च 2024 से हुई है। जिसमें बारी-बारी प्रदेश के हर जिले से श्रद्धालुओं की टोली अयोध्या और काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जाती है। रायगढ़ जिले से अब तक 5 दल में साढ़े पांच सौ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर चुके हैं। जिले से पहला जत्था 11 मार्च 2024 को रवाना हुआ था।

**उत्साह में सराबोर दिखे श्रद्धालु**

अयोध्या धाम जाने वाले जिले के पहले जत्थे में शामिल श्रद्धालु भक्ति भाव और उत्साह में सराबोर दिखे। अलसुबह प्रभु श्रीराम के जयकारे के साथ सफर की शुरुआत कर रहे जिले वासियों ने इसे सौभाग्य का पल बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शासन की इस नेक पहल से हमें अयोध्या धाम के नि:शुल्क यात्रा का सुअवसर मिल रहा है।

## जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का सीईओ यादव ने अतिशीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़**



जिला स्तरीय आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा, आवास निर्माण, आर्थिक सहायता राशि जैसे विभिन्न आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने जनदर्शन में लोगों की समस्याएं, शिकायतें सुनी और उनसे आवेदन प्राप्त किए। मौके पर एडीएम संतन देवी जांगड़े एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्राम बैसपाली के रामप्रसाद डनसेना गली में हुए कब्जे को हटाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास से जो गली गयी हुई है उसमें भूनेश्वर डनसेना के द्वारा कब्जा कर गली को बंद कर दिया गया है। जिससे आने-जाने में परेशानी हो रही है। बांझीनपाली वार्ड नंबर 32 के शांतिलाल चौहान एवं कन्हैया लाल कहरा वेतन एवं ग्रेज्युटी रकम दिलाए जाने के संबंध में आये थे। उन्होंने बताया कि वे दोनों मोहन जूटमिल रायगढ़ में काम करते थे। चूंकि जूटमिल तो बंद हो गया है, लेकिन उनके द्वारा काम किए गए वेतन एवं ग्रेज्युटी का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। उन्होंने वेतन भुगतान एवं ग्रेज्युटी को अतिशीघ्र दिलाने की मांग की। इसी तरह ग्राम ससकोबा के ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत लेकर जनदर्शन पहुचे थे। उन्होंने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक बिहारी लाल द्वारा राशन कार्ड धारकों के घर जाकर फिंगर प्रिंट लेने के बावजूद अक्टूबर माह का चावल वितरण नही किया है। ग्रामवासियों ने राशन दिलाने की मांग करते हुए शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालक पर कार्यवाही मांग की। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खैरपुर के ग्रामीणों ने अवैध शराब पर कार्यवाही की मांग लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ग्राम खैरपुर में अत्यधिक मात्रा में महुआ शराब बनाई एवं बेची जाती है। जिससे हमेशा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगे रहता एवं मारपीट होता है। जिससे महिलाओं और बच्चों के साथ पूरा गांव परेशान है। उन्होंने उचित कार्यवाही की मांग की, ताकि गांव को अवैध शराब से मुक्ति मिल सके। ग्राम-देहजरी निवासी रूपेश्वर पटेल प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करते है। उन्होंने आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की। तमनार के राममंदिर चौक के रहवासियों ने नाली निर्माण के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने की मांग लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि राममंदिर चौक में जुलाई में नाली निर्माण के लिए खुदाई की गई थी। जिसका कार्य आज पर्यन्त तक प्रारंभ नहीं हुआ है। बारिश में पानी भर जाने से रहवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। वहीं आवागमन एवं छोटे बच्चों के साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने आग्रह किया कि नाली निर्माण के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि यहां के रहवासियों को राहत मिल सके। सीईओ जिला पंचायत यादव ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

## महिला से छेड़खानी के आरोपी को पुसौर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**



पुसौर पुलिस ने महिला से छेड़खानी के आरोप में फरार आरोपी अर्जुन भोय (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पर 03 नवंबर की सुबह एक महिला के साथ अश्लील हरकतें करने और आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप है।

05 नवंबर को पीड़िता ने थाना पुसौर में अर्जुन भोय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि 03 नवंबर को सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने घर के पास स्थित सार्वजनिक बोर से पानी लेने गई थी। लौटते समय अर्जुन भोय ने उसके प्रति अश्लील टिप्पणियां कीं और आपत्तिजनक इशारे किए। महिला ने अर्जुन को यह चेतावनी दी कि वह इस बारे में अपने पति को बताएगी, जिसके बाद अर्जुन वहां से भाग गया। इस घटना के बाद महिला ने अपने परिवार को पूरी जानकारी दी और पुसौर थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुसौर थाना में अपराध क्रमांक 262/2024 के तहत धारा 75(2), 75(3) बी.एन.एस. के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर महिला सुरक्षा के प्रति तत्परता दिखाते हुए आरोपी की तलाश शुरू की गई। आरोपी लगातार फरार चल रहा था, लेकिन आज थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे के नेतृत्व में मुखबिर से मिली सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और कानूनी कार्रवाई के तहत रिमांड पर भेजा गया।

## 72 लीटर महुआ शराब एवं 210 किलो ग्राम महुआ लाहन पकड़ाया

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अवैध मदिरा के परिवहन, भंडारण एवं बिक्री पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है। उक्त निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुए 72 लीटर महुआ शराब एवं 210 किलो ग्राम महुआ लाहन जप्त किया। मौके पर मदिरा बनाने के बर्तन बरामद करते हुए अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत गैर-जमानतीय धाराओं में प्रकरण कायम किया है।

आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध शराब निर्माण की सूचना मिलने पर वृत्त-घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम-बिलासखार थाना पूँजीपथरा, जंगल में कुरकुट नदी किनारे पहुँचे जहां उक्त स्थल पर चार प्लास्टिक डिब्बा में भरी प्रत्येक में 15-15 लीटर कुल 60 लीटर, एक प्लास्टिक बॉटल में 2 लीटर, एक प्लास्टिक पालीथिन में भारी 10 लीटर इस तरह कुल 72 लीटर महुआ शराब एवं 14 प्लास्टिक बोरियों में भरी कुल 210 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक संतोष नारंग एवं जितेश नायक, आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर, राजेश्वर सिंह ठाकुर, भेखराम पटेल उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला सराईपाली पश्चिम में बच्चों का किया गया सम्मान

**रायगढ़**



रायगढ़ विकासखंड के किरोड़ीमल नगर संकुल केंद्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सराईपाली पश्चिम में 6 नवंबर को उत्सव के रूप में मनाया गया। गत वर्ष शासन की महत्वपूर्ण योजना आदिवासी बालक-बालिकाओं के लिए संचालित होने वाली एकलव्य आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा में शाला के पांच छात्राएं शामिल हुई थी जिसमें चार छात्राओं का चयन हुआ। चयन पश्चात वर्तमान में तीन छात्राएं खरसिया विकासखंड स्थित ग्राम चोढ़ा के एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्यनरत है, उन छात्राओं के साथ-साथ गत वर्ष कक्षा पांचवी में पढऩे वाले शाला के अन्य छात्र-छात्राओं का भी स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और आगंतुकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधन किया गया। संबोधन की कड़ी में चयनित छात्राओं के द्वारा भी अपने अनुभव सभी बच्चों से साझा किये, प्रधान पाठक के द्वारा मंच संचालन एवं आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात बच्चों एवं आगंतुकों के लिए न्योता भोज का व्यवस्था किया गया था जिसका सभी ने आनंद लिया और बच्चे पौष्टिक आहार पाकर गदगद हो गए और उनके द्वारा भविष्य में अच्छा करने हेतु शाला प्रबंधन समिति, शाला स्टाफ एवं आगंतुकों को आश्वस्त किया कि हम भी अच्छे से पढ़-लिखकर शाला के साथ-साथ गाँव जिले का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पीतांबर पटेल उपाध्यक्ष देवकुमारी सिदार, विशिष्ट अतिथि प्रधान पाठक घनश्याम सिंह पटेल, प्रधान पाठक राजेंद्र चौरसिया, पालकगण छबिलाल सिदार, गोकुल सारथी, मनीष सिदार, रमेश सारथी, रमाशंकर बिन्झवार, लक्ष्मीन सिदार, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी चौहान, तिलोतमा पटेल, शाला के शिक्षकगण श्याम कुमार कमल, निरुपमा वैष्णव, प्रधान पाठक सी पी राहुल डनसेना एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480